

# नगर विकास के लिए कई दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की व सुझाव दिए

▸ **नपाध्यक्ष गुर्जर ने मास्टर प्लान 2041 को लेकर हुई बैठक**

**मन्दसौर। कलेक्ट्रेट कार्यालय मंदसौर में कल मंगलवार को मास्टर प्लान 2041 को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक में नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने मंदसौर नगर के विकास के लिये मास्टर प्लान में कई दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की और कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये।**

कलेक्टर अदिती गर्ग, टीएनसीपी की अधिकारी सहित कई अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि मास्टर प्लान के प्रकाशित होने के पूर्व ही मेरे द्वारा दिनांक 30 जून 2025 को पत्र लिखकर उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश को मंदसौर नगर के विकास एवं नगर हित में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये थे। लेकिन टी एण्ड सीपी ने कई सुझावों के प्रस्तावित मास्टर प्लान में शामिल नहीं किया। नपाध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि नपा परिषद मंदसौर के द्वारा दिये गये पत्र में मंदसौर नगर का विकास कैसे हो इस संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये है। प्रस्तावित मास्टर प्लान 2041 में नरसिंहपुरा क्षेत्र की भूमि को आवासीय या मिश्रित श्रेणी में रखा जाये अर्थात नरसिंहपुरा क्षेत्र जो आवासीय स्वरूप ले चुका है ऐसे में यहां के आसपास की भूमि को आवासीय या मिश्रीत श्रेणी में रखा जाना चाहिये ताकि इस क्षेत्र के लोग अपने अपनी भूमि पर आवासीय कार्य कर सके। मंदसौर नगर का बस स्टेण्ड मंदसौर नगर के समीप ही प्रस्तावित किया जाये ताकि लोगों को बस इत्यादि की सुविधा लेने के लिये दूर भटकना नहीं पड़े। संजीत रोड़ की चौड़ाई जो वर्तमान में है उसे यथावत रखा जाये। और 2041 के मास्टर प्लान



में संजीत रोड़ की चौड़ाई बढ़ाने का जो प्रकाशन हुआ है उसे इस मास्टर प्लान में शामिल नहीं किया जाए।

नपाध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि मेघदूत नगर एवं उसके आसपास क्षेत्र की घनी आबादी वाली कॉलोनियों में मास्टर प्लान 2041 में एमआर या एसआर जो प्रस्तावित किये गये है वे अनाश्यक है या ज्यादा है उन पर पुर्नविचार कर यहां अत्यधिक आवश्यकता हो वही पर एमआर या एसआर प्रस्तावित किया जाये और उसमें भी आबादी क्षेत्र को ध्यान में रखा जाये। मास्टर प्लान 2041 के पुरे मास्टर प्लान में कई सारे एमआर या एसआर ऐसे प्रस्तावित है जिनकी जरूरत है, एमआर और एसआर को निजी भूमि में निकालने की बजाय जिनके समानान्तर वर्तमान में जहां सड़क बनी हुई है और जहां नियमित आवागमन होता है ऐसी काकड़ की भूमि में एमआर या एसआर को प्रस्तावित किया जाये जिससे की लोगों की निजी भूमियां ज्यादा पभावित नहीं है। मास्टर प्लान 2041 मे आबादी क्षेत्र में 30 मीटर अर्थात 100 फीट या उससे अधिक मार्ग प्रस्तावित नहीं किये जाये यदि आवश्यकता भी हो तो अधिकतम चौड़ाई रोड़ की 60 फीट से ज्यादा नहीं रखी जाये। मास्टर प्लान में जो भी नवीन ग्राम जुड़ रहे है उनमें भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित आवासीय क्षेत्र को और बड़ाया जाये। मास्टन प्लान में चन्द्रपुरा, खिलचीपुरा, नालछा माता क्षेत्र में जहां कई प्रमुख मंदिर है वहां की योजना बनाते समय विशेष ध्यान रखा जाये पशुपतिनाथ मंदिर के समीप नगरपालिका के द्वारा जो प्रतिवर्ष कार्तिक मेला आयोजित होता है उसे ध्यान में रखते हुए पशुपतिनाथ मंदिर के आसपास योजना बनाना चाहिये ताकि यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन क्षेत्र में विकसित हो सके।

> नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने नगर के विस्तार को ध्यान में रखते हुए भविष्य में आवश्यक स्थानों पर पार्किंग जोन, खुले मैदान, उद्यान हेतु भूमि आरक्षित रखने का भी सुझाव दिया। श्रीमती गुर्जर ने कहा कि मंदसौर नगर में बनने वाले भवनों की ऊंचाई की जो अनुमतियां शासन से होती है उन्हें बड़े महानगरों की तर्ज पर ऊंचाई को बढ़ाया जाना चाहिये ताकि घने व सकरे स्थानों पर कम स्थान पर भी अधिक ऊंचाई के भवन बन सके और नागरिकों को उक्त भवनों का लाभ मिल सके। इसके साथ नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि बेसमेंट पार्किंग की अनुमति को और आसान किया जाना चाहिये। वर्तमान समय में बेसमेंट पीर्किंग की अनुमति की जो प्रक्रिया है उसे सरल करने की आवश्यकता है। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने यह भी मांग रखी कि मास्टर प्लान 2041 के संबंध में जो भी दावे व आपत्तियां टी एण्ड सीपी को प्राप्त हुई है उन आपत्तियों के प्रत्येक बिन्दूओं पर विस्तार से चर्चा कर उनका समाधान किया जाना चाहिये। दावे व आपत्तियों का निराकरण करते समय सभी दावे व आपत्तिकर्ता को संतुष्ट करने का भी प्रयास करना चाहिये।




## मंदसौर की बेटी वर्णिका मनीष उपाध्याय का कांग्रेस जन ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**मंदसौर। दुबई में हुए सातवें रोल बॉल वर्ल्ड कप में भारत ने ऐतिहासिक जीत हासिल की टीम की खिलाड़ी के रूप में हमारे मंदसौर की बेटी वर्णिका मनीष उपाध्याय का आज गांधी चौराहा पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने बेटी वर्णिका का पुष्प हार से स्वागत कर शुभकामनाएं दी।**

बेटी वर्णिका के सम्मान में निकल रहे स्वागत जुलूस का सभी कांग्रेसजन ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़, जिला कांग्रेस सचिव जितेंद्र सोपरा, अजय सिंह तोमर महिला नेत्रियों में महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव श्रीमती राखी सत्रावाला, महिला कांग्रेस की जिला महा सचिव नेहा कनकमल जैन, वर्षा सांखला, नम्रता सत्रावाला विधायक प्रतिनिधि मनोहर नाहटा, राजेश फरक्या, विश्वास दुबे, मंडलम अध्यक्ष अजय सोनी, सेक्टर अध्यक्ष संजय बारोट, घनश्याम चौहान, अमीन खान आदि इस अवसर पर उपस्थित थे।

## एक नजर में

### स्ट्रीट सिग्नल से जीवन का संदेश : मुनि निष्पक्ष सागर जी



**भानपुरा।** दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में अपने प्रवचन में परम पूज्य मुनि निष्पक्ष सागर महाराज ने जीवन की नश्वरता को सरल एवं प्रभावशाली उदाहरण से समझाया। उन्होंने हरी, पीली और लाल—तीनों लाइटों वाले स्ट्रीट सिग्नल का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे सिग्नल कभी भी बदल सकता है, वैसे ही जीवन भी क्षणभंगुर है और इसका कोई भरोसा नहीं। मुनिश्री ने कहा कि जब जीवन अनिश्चित है, तो हमें इसे केवल उपभोग की भावना से नहीं, बल्कि उपयोग और उपकार की सोच के साथ जीना चाहिए। दान, धर्म, सेवा और सद्कर्म ही ऐसा मार्ग है, जिससे समाज को दिशा मिलती है और आने वाली पीढ़ियाँ हमें आदर से स्मरण करती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भौतिक सुख-सुविधाओं का संग्रह ही जीवन का लक्ष्य नहीं हो सकता। सच्ची पूँजी वही है जो परोपकार और धर्म के माध्यम से समाज के काम आए। प्रवचन के अंत में मुनिश्री ने श्रद्धालुओं से धर्माचरण, संयम और सामाजिक उत्तरदायित्व अपनाने का आह्वान किया।

### संत श्री गाडगे बाबा की पुण्यतिथि मनाई




**भानपुरा।** रजक समाज भानपुरा द्वारा संत गाडगे बाबा की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संत गाडगे मांगलिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में समाजजनों ने बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान वार्ड क्रमांक 10 की समाजसेवी श्रीमती दीपिका बैरागी का सम्मान किया गया। वक्ताओं ने संत गाडगे बाबा के विचारों पर प्रकाश डालते हुए समाज में उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। समाज के युवाओं, वरिष्ठजनों एवं महिला शक्ति ने समाज विकास, नशामुक्ति, अंधविश्वास व पाखंड उन्मूलन तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजजनों ने संत गाडगे बाबा के आदर्शों पर चलने एवं उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन मनसुख चंदा चोरिया द्वारा किया गया।

### औद्योगिक क्षेत्र मुल्तानपुरा में 94 इकाइयां स्थापित



**मंदसौर।** औद्योगिक क्षेत्र मुल्तानपुरा में स्थापित एवं निर्माणाधीन औद्योगिक इकाइयों का मंगलवार को जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा भ्रमण किया गया। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक मंगल रायकवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, उद्योगपति एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान स्लेट पेंसिल, फोम, फर्नीचर, लोहे के पलंग एवं लहसुन उत्पाद निर्माण से संबंधित इकाइयों का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र मुल्तानपुरा में अब तक 94 औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो चुकी हैं, जिनमें से 57 में उत्पादन प्रारंभ हो गया है, जबकि 37 इकाइयों में निर्माण कार्य प्रगतिरत है। सांसद सुधीर गुप्ता ने उद्योगपतियों से संवाद कर पेयजल एवं स्ट्रीट लाइट से जुड़ी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र मुल्तानपुरा जिले में औद्योगिक विकास एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित



**मंदसौर।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नूतन शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 'बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप' विषय पर पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी बी.एल. बिश्नोई ने बाल विवाह को सामाजिक अभिशाप बताते हुए इसके सामाजिक, मानसिक एवं नैतिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य के साथ-साथ समाज के विकास में भी बाधक है। पोस्टर प्रतियोगिता में अंकित (कक्षा 10) ने प्रथम, देवेंद्र (कक्षा 11) ने द्वितीय एवं रितेश (कक्षा 9) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अंकित (कक्षा 10) प्रथम, आरती (कक्षा 9) द्वितीय एवं सुमेर तृतीय रहे। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने बाल विवाह का विरोध करने एवं इसे रोकने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ ली।

## भाजपा अजा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार आज मंदसौर प्रवास पर रहेंगे

**मंदसौर।** श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार आज मंदसौर जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित एंव अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक सूर्यवंशी के नेतृत्व में एंव भाजपा एंव अनुसूचित जाति मोर्चा पदाधिकारियों एंव कार्यकर्ताओं द्वारा प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक सूर्यवंशी ने बताया की अजा.मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवानसिंह परमार के प्रवास के क्रम में दोपहर 01 बजे मल्हारगढ़ मंडल पहुचेंगें जहॉ अंबेडकर चौराहा मल्हारगढ़ पर मंडल पदाधिकारीयों एंव कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जायेगा। तत् पश्चात क्रमानुसार



दोपहर 01:20 बजे पिपलिया मंडी मंडल द्वारा पिपलियामंडी चौपाटी पर स्वागत, मंदसौर ग्रामीण मंडल द्वारा साबाखेड़ा फंटा पर स्वागत, मंदसौर नगर उत्तर मंडल द्वारा श्रीकोल्ड चौराहा मंदसौर पर स्वागत, मंदसौर नगर दक्षिण मंडल द्वारा गोल चौराहा मंदसौर पर भव्य स्वागत किया जायेगा। साथ ही दोपहर 02 बजे जिला भाजपा कार्यालय पर आगमन के साथ संगठनात्मक बैठक को संबोधित करेगें। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, विधायकगण हरदीपसिंह, चन्दरसिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, पूर्व जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, नगरपालिका अ७?यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष निहालचंद मालवीय सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारीयों की गरीमामय उपस्थिति रहेगी। जिले के समस्त अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला एंव मंडल पदाधिकारीयों एंव कार्यकर्ताओं से आग्रह है की अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

## अटल स्मृति दिवस व वीर बाल दिवस पर भाजपा सम्मेलन

**मंदसौर।** अटल शताब्दी वर्ष एवं वीर बाल दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंदसौर एवं मल्हारगढ़ विधानसभा का संयुक्त सम्मेलन जिला मुख्यालय स्थित हाटकेश्वर भवन, नरसिंहपुरा में आयोजित किया गया। वहीं वीर बाल दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय के सामने ऐतिहासिक चित्रों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया गया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता संभाग संगठन प्रभारी सुरेश आर्य, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक सिसौदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष मदनलाल राठौर सहित जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के बल पर



संगठनात्मक दायित्वों को निभाती है तथा 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती और 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के कार्यक्रम बूथ स्तर तक आयोजित किए जाएंगे। सांसद बंशीलाल गुर्जर ने अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए उन्हें भारतीय राजनीति का युगपुरुष बताया।

जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कार्यकर्ताओं से अटल जयंती व वीर बाल दिवस के कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से सम्पन्न कराने का आह्वान किया। सम्मेलन का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संबंधित पदाधिकारियों द्वारा किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# धनतेरस पर मिले घर, आज तक अंधेरे में ज़िंदगी

▸ **पीएम आवास योजना में अव्यवस्थाओं के खिलाफ हितग्राहियों का प्रदर्शन**

**नीमच। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान पाने का सपना देख रहे गरीब परिवार आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। मकान तो मिले, लेकिन न रोशनी है, न सुरक्षा और न ही कानूनी अधिकारों की स्पष्टता।**

इन्हीं गंभीर समस्याओं को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में पीएम आवास योजना के हितग्राही कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और विरोध दर्ज कराया।

नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति के नेतृत्व में पहुंचे हितग्राहियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि धनतेरस के मौके पर प्रतीकात्मक रूप से मकानों का आवंटन कर दिया गया, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी आज तक उनमें विद्युत मीटर नहीं लगाए गए हैं। नतीजा



यह है कि गरीब परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

हितग्राहियों ने बताया कि रात होते ही हालात और भयावह हो जाते हैं। दीपक और चिराग की रोशनी में जीवन कट रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और महिलाओं व बुजुर्गों की सुरक्षा पर भी खतरा बना रहता है। आरोप है कि उद्घाटन समारोह के दौरान जनरेटर या अस्थायी व्यवस्था से लाइट जलाकर स्थिति को बेहतर दिखाया गया, लेकिन असली सच्चाई आवंटन के बाद सामने आई।

मामला यहीं नहीं रुका। हितग्राहियों ने रजिस्ट्री के नाम पर एक लाख रुपये की मांग किए जाने का भी आरोप लगाया। उनका कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए इतनी बड़ी रकम जुटाना असंभव है। बिना रजिस्ट्री न तो भविष्य सुरक्षित है और न ही बिजली कनेक्शन मिल पा रहा है, जिससे समस्या और जटिल हो गई है।

कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समाधान न निकलने से आक्रोशित हितग्राहियों ने सीधे प्रशासन का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि पीएम आवास योजना एक सराहनीय योजना है, लेकिन अव्यवस्था और लापरवाही के कारण इसका उद्देश्य ही कमजोर हो रहा है।



## सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अंश व पशुपतिनाथ का दिव्य मिलन, मंदसौर में ऐतिहासिक महारूद्र पूजन

**मंदसौर।** वैदिक धर्म संस्थान एवं आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के संयुक्त तत्वावधान में पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित सभागार में 1000 वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दिव्य शिवलिंग अंश की पूजा-अभिषेक एवं महारूद्र पूजन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

बेंगलुरु आश्रम से पधारे स्वामी दर्शक हाथी एवं स्वामी गुरु कृपानंद जी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के ऐतिहासिक व आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। स्वामी दर्शक हाथी ने बताया कि आक्रांताओं के प्रयासों के बावजूद सनातन परंपरा अक्षुण्ण रही और सोमनाथ शिवलिंग के अवशेष सुरक्षित रखे गए।

महारूद्र पूजा के पश्चात सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर शिव भजनों की सुमधुर प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के पदाधिकारी, संतगण, गणमान्य नागरिक एवं शामगढ़, सुवासरा, सीतामऊ सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन को धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना के जागरण की दृष्टि से ऐतिहासिक माना जा रहा है।



## जनसुनवाई में अधिकारियों ने तत्परता से सुनी 79 आवेदकों की समस्याएं

**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने 79 आवेदकों की समस्याएं सुनीं।

जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए। रूनीजा निवासी कालु सिंह ने शासकिय भुमि पर से अवैध अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्?तुत किया। जिस पर त?हसीलदार सुवासरा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। करनाली जागीर निवासी गोपाल ने गिट्टी क्रेशर मशीन हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्?तुत किया। जिस पर खनीज विभाग मंदसौर को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। मंदसौर निवासी अशोक ने कृषि भूमि पर थम्?बे लगाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में आर्थिक सहायता दिलवाने, कब्?जा हटवाने, इलेक्?ट्रीक सायकल प्रदाय करने, नामांतरण में नाम लिखवाने, समग्र आईडी में नाम जोड़ने, भूमि आवंटित करने एवं आवासीय प्?लाट भूखंड में जांच करने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

**एक नजर** ▸ **अवैध खनन पर तत्काल रोक की मांग**

## अरावली पर्वत बचाओ निडर युवा सेवा संस्था ने सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर।** निडर युवा सेवा संस्था के अध्यक्ष शहजाद हुसैन के नेतृत्व में प्रशासन को अरावली पर्वत के संरक्षण को लेकर एक सशक्त ज्ञापन सौंपा गया। संस्था ने अरावली क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध खनन, पर्यावरणीय क्षरण और प्रशासनिक लापरवाही पर गहरी चिंता व्यक्त की। शहजाद हुसैन ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि अरावली पर्वत केवल पहाड़ नहीं, बल्कि जल, पर्यावरण और जीवन संतुलन की रीढ़ है। अरावली का क्षरण सीधे तौर पर भूजल स्तर गिरने, जल संकट, कृषि नुकसान और जलवायु असंतुलन को जन्म दे रहा है। यह न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों का भी हनन है।उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 नागरिकों को स्वच्छ पर्यावरण में जीने का अधिकार देता है, और पर्यावरण संरक्षण कानूनों का सख्ती से पालन कराना प्रशासन की संवैधानिक जिम्मेदारी है। इसके बावजूद यदि अवैध खनन जारी रहता



है, तो यह कानून और जनहितकृदोनों के साथ अन्याय है। निडर युवा सेवा संस्था ने ज्ञापन के माध्यम से प्रमुख रूप से मांग की किकृअरावली क्षेत्र में अवैध खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाएदोषी व्यक्तियों एवं माफियाओं पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएस्थानीय नागरिकों व सामाजिक संगठनों को संरक्षण प्रक्रिया में सहभागी बनाया जाएइस अवसर पर संस्था की सदस्य विद्युत लता गुप्ता ने कहा, अरावली हमारी धरोहर है, इसे बचाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। अवैध खनन से महिलाओं और बच्चों का भविष्य खतरे में है, हमें एकजुट होकर इसे रोकना होगा। इसी तरह मोहम्मद यूनुस मंसूरी ने जोर देकर कहा, ष्पर्यावरण संरक्षण बिना भेदभाव के सबका अधिकार है। प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां स्वच्छ हवा और पानी प्राप्त कर सकें। शहजाद हुसैन ने स्पष्ट कहा कि संस्था विकास के विरोध में नहीं, बल्कि पर्यावरण के साथ संतुलित और टिकाऊ विकास की पक्षधर है। यदि आज अरावली को नहीं बचाया गया, तो भविष्य में जल और पर्यावरण संकट की जिम्मेदारी तय करना कठिन होगा। निडर युवा सेवा संस्था ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान पूरी तरह शांतिपूर्ण, संवैधानिक और जनहित में है तथा आवश्यकता पड़ने पर संस्था जनजागरूकता और कानूनी मार्ग से इस विषय को आगे भी उठाती रहेगी इस अवसर पर निडर युवा सेवा संस्था अध्यक्ष शहजाद हुसैन, मोहम्मद यूनुस मंसूरी, दयाराम चौहान, मुरलीधर मिश्रा, मंगलदेव राठौर, विद्युत लता गुप्ता, जाहिद खान, सोहेल खान, बाबूलाल चौधरी आदि सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।